बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-374
06/08/2021

# मुख्यमंत्री ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी श्री विवेक सागर प्रसाद को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 06 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी श्री विवेक सागर प्रसाद को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने श्री विवेक सागर प्रसाद को अपनी शुभकामनायें देते हुये कहा है कि हॉकी के प्रति उनके जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही आज उन्हें इस मुकाम पर पहुँचाया है। श्री विवेक सागर प्रसाद मूलतः बिहार के सिवान जिला स्थित रघुनाथपुर प्रखंड के कन्हौली ग्राम के निवासी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा बिहार गौरवान्वित है। उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रदेश एवं देशवासियों का दिल जीता है। वे निरंतर प्रगति के शीर्ष पर पहुँचें और बिहार सहित भारत का नाम रौशन करते रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******